**Regarding issues pertaining to coal mine workers**

श्री श्यामकुमार दौलत बर्वे **(रामटेक) :** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय कोयला मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि कोयला खान में काम करने वाले मजदूरों की भविष्य निधि को सीएमपीएफओ के माध्यम से निवेश की जाती है, उसमें बहुत बड़ा घोटाला वर्ष 2014-15 में हो चुका है । इसके बावजूद सीएमपीएफओ के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है ।

मेरी आपके माध्यम से कोयला मंत्री जी से रिक्वैस्ट है कि खान मजदूर अपने खून-पसीने की कमाई को सीएमपीएफओ के माध्यम से इनवेस्ट करता है और उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं होती है । उन्होंने डीएचएफएल में 1,300 करोड़ रुपये निवेश किए थे, जिसमें से 600 करोड़ रुपये उनको मिल गए, लेकिन 727 करोड़ रुपये डूब गए । कैग की रिपोर्ट आने के बाद भी कोई कार्रवाई सीएमपीएफओ के अधिकारियों पर नहीं हुई । मैं आपके माध्यम से कोयला मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि सीएमपीएफओ के अधिकारियों पर कार्रवाई हो और भविष्य में कोयला खदान मजदूरों की भविष्य निधि के साथ में कोई खिलवाड़ न हो, उनका भविष्य सुरक्षित रहे, मैं यही मांग आपके माध्यम से करता हूं ।